# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रायपुर, जिला भीलवाड़ा (राज.)

## पीठासीन अधिकारीः—सुन्दरलाल बम्बोडा, आर.ए.एस.

मुकदमा नम्बरः—142 / 20 (2020 / 00276) प्रार्थना पत्र

**अनवान**

1. घीसू पिता प्यारचन्द सेन निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
2. मोहनी बेवा प्यारचन्द सेन निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
3. रामलाल पिता लेहरूलाल शर्मा निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
4. शान्तादेवी पत्नि लेहरूलाल शर्मा निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा

**प्रार्थीगण**

**बनाम**

1. मांगीलाल पिता हजारी सेन निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
2. मगंनीराम पिता जेसिंह जाट निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
3. लेहरू पिता नानुराम सेन निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
4. राजु पिता बालु सेन निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
5. भंवरलाल पिता शंकरलाल कटारिया नि0 नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
6. मांगीलाल पिता नन्दराम जाट निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
7. गोपीलाल पिता माधु शर्मा निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा

**विपक्षीगण**

## प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 111, 128 भू राजस्व अधिनियम

उपस्थित

1. फारूख मोहम्मद —

प्रार्थीगण अधिवक्ता

## निर्णय

दिनांक 05.01.2021

पत्रावली आज पेश हुई। प्रकरण का सक्षेप मे विवरण इस प्रकार है ग्राम नाथड़ियास पटवार हल्का नाथड़ियास तहसील रायुपर के बेरून हल्का आबादी मे प्रार्थीगण के खातेदार अधिकार एवं कब्जे काश्त आराजी संख्या 2015 रकबा 0.66 है0, आराजी संख्या 2016 रकबा 0.22 है0, आराजी संख्या 2037 रकबा 0.28 है0 कुल किता 3 कुल रकबा 1.16 है0 भूमि खाता संख्या 81 पर दर्ज रेकार्ड है। प्रमाण में नकल जमाबंदी मय नक्शा ट्रेस प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत की हैं। प्रार्थीगण की उक्त आराजियात के चारों तरफ सीमा के मुश्तकील निशानात नही होने से प्रार्थी को काश्त करने, काश्त लाभ प्राप्त करने, घास आदि काटने व मवेशी चराने में दरम्यान पक्षकारान आपस मे सीमा सम्बन्धी विवाद बना रहता है जिससे प्रार्थीगण को अपनी आराजियात की पत्थरगढी कराना आवश्यक हो गया है। प्रार्थीगण ने विपक्षीगण को कई मर्तबा को ... पत्थरगढ़ी कराने बाबत् कहा लेकिन विपक्षीगण हरबार टालमबाजी का जवा... है। प्रार्थीगण ने दिनांक 15.09.2020 को विपक्षीगण को अन्तिम ... इन्कार हो गये, जिससे प्रार्थीगण को प्रार्थना पत्र पेश करने ... है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sundar Lal Bamboda
Date: 2021.01.29 13:57:57 IST
Reason: SelfAttested

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र ... दिनांक 19.11.20... पंजीबद्ध किया जाकर विपक्षीगण को वजह जारी करने हेतु नोटिस जारी किये गये। नोटिस की पालना मे विपक्षी संख्या 2, 3 व 5 लगायत 7 बावजुद सूचना के उपस्थित नही होने से एकतरफा कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया एवं विपक्षी संख्या 1 व 4 के खिलाफ कोई

कार्यवाही नही चाहते है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख मे किसी प्रकार का कोई परिवर्तन हाने का कोई अन्देशा नही है तथा न किसी प्रकार से अधिकार निर्धारित किये जाते है। प्रार्थीगण खातेदार होकर अपनी आराजियात की पत्थरगढ़ी कराना चाहता है जिसमें अगर कोई विपक्षी ऐतराज भी करता है तो कानुनन स्वीकार योग्य नही है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण स्वीकार किये जाने योग्य है।

## आदेश

अतः प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर आदेश दिया जाता है कि ग्राम नाथड़ियास पटवार हल्का नाथड़ियास तहसील रायुपर के बेरून हल्का आबादी मे प्रार्थीगण के खातेदार अधिकार एवं कब्जे काश्त आराजी संख्या 2015 रकबा 0.66 है0, आराजी संख्या 2016 रकबा 0.22 है0, आराजी संख्या 2037 रकबा 0.28 है0 कुल किता 3 कुल रकबा 1.16 है0 भूमि दर्ज रेकार्ड है। जिसकी पत्थरगढ़ी कराये जाने हेतु सम्बधित भु—अभिलेख निरीक्षक को कमिश्नर नियुक्त कर आदेशित किया जाता है कि इस हेतु प्रार्थी द्वारा पत्थरगढ़ी शुल्क 500 / —रूपये राजकोष में जमा एवं कमिश्नर फीस 1000 / —रूपये जमा होने पर उक्त आराजी की पत्थरगढी पक्षकारान को सूचित करते हुए बशामलात पक्षकारान के करायी जावें और मौके पर बिना किसी के कब्जे में दखल किये सीमांकन कराया जावे तथा मौके पर खातेदार के अलावा अन्य व्यक्ति का कब्जा पाया जावे तो पर्चा मौका में इसका अंकन करते हुए उस कब्जे शुदा रकबे को नक्शा ट्रेस में लाल स्याही से दर्शाते हुए पालना रिपोर्ट में पेश करे एवं खर्चा राशि जमा होने पर तहसीलदार रायपुर कमिश्नर से विधिवत् पत्थरगढी करावे। प्रकरण निर्णित शुमार होकर नम्बर से कम हो। रजिस्टर मे दाखला अंकित किया जावें।

निर्णय आज दिनांक 05.01.2021 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

5.1.2021

(सुन्दर लाल बम्बोडा)
उपखण्ड अधिकारी
रायपुर जिला भीलवाड़ा

Signature Not Verified

Digitally signed by Sundar Lal Bamboda
Date: 2021.01.29 13:57:57 IST
Reason: SelfAttested

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रायपुर, जिला भीलवाड़ा (राज.)

**पीठासीन अधिकारीः—सुन्दरलाल बम्बोडा, आर.ए.एस.**

मुकदमा नम्बरः—142/20 (2020/00276) प्रार्थना पत्र

**अनवान**

1. घीसू पिता प्यारचन्द सेन निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
2. मोहनी बेवा प्यारचन्द सेन निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
3. रामलाल पिता लेहरूलाल शर्मा निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
4. शान्तादेवी पत्नि लेहरूलाल शर्मा निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा

**प्रार्थीगण**

**बनाम**

1. मांगीलाल पिता हजारी सेन निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
2. मगंनीराम पिता जेसिंह जाट निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
3. लेहरू पिता नानुराम सेन निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
4. राजु पिता बालु सेन निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
5. भंवरलाल पिता शंकरलाल कटारिया नि0 नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
6. मांगीलाल पिता नन्दराम जाट निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
7. गोपीलाल पिता माधु शर्मा निवासी नाथड़ियास तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा

**विपक्षीगण**

## <u>प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 111, 128 एल0आर0एक्ट</u>

## प्रेषित :—<u>तहसीलदार रायपुर हुक्मनामा पत्थरगढ़ी कराने बाबत्</u>

उपरोक्त अनवान के प्रकरण में प्रार्थीगण के द्वारा अपनी आराजियात की पत्थरगढ़ी कराने हेतु प्रार्थना पत्र पेश किया जिसे दर्ज रजिस्टर किया जाने पर दिनांक 05.01.2021 को स्वीकार किया गया उक्त प्रार्थना पत्र के सन्दर्भ में आपको आदेश दिया जाता है कि ग्राम नाथड़ियास पटवार हल्का नाथड़ियास तहसील रायुपर के बेरून हल्का आबादी मे प्रार्थीगण के खातेदार अधिकार एवं कब्जे काश्त आराजी संख्या 2015 रकबा 0.66 है0, आराजी संख्या 2016 रकबा 0.22 है0, आराजी संख्या 2037 रकबा 0.28 है0 कुल किता 3 कुल रकबा 1.16 है0 भूमि दर्ज रेकार्ड है।

इस हेतु प्रार्थीगण द्वारा पत्थरगढ़ी शुल्क 500/—रूपये राजकोष में जमा एवं कमिश्नर फीस 1000/—रूपये सम्बधित भू—अभिलेख निरीक्षक के पास जमा होने पर उक्त आराजी पत्थरगढी पक्षकारान को सूचित करते हुए बशामलात पक्षकारान के करायी जावें।

मौके पर दौराने पत्थरगढ़ी अगर प्रार्थीगण की आराजियात पर विपक्षी या अन्य का कब्जा पाया जाता है तो [illegible] उसको नजरी नक्शा एवं ट्रेस में लाल स्याही से दर्शाते हुए पालना रिपोर्ट मय [illegible] के प्रस्तुत करें।

हुक्मनामा आज दिनांक 05.01.2020 को [illegible] हस्ताक्षर एवं कार्यालय मोहर से जारी किया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sundar Lal Bamboda
Date: 2021.01.29 13:57:57 IST
Reason: SelfAttested

5.1.2021

(सुन्दरलाल बम्बोडा)
उपखण्ड अधिकारी
रायपुर जिला भीलवाड़ा